Madam, my second reason is that Article 311 provides for an elaborate procedure for dismissal, removal or reduction in rank of persons employed in civil capacities under the Union or a State. There is a huge volume of case laws, a large number of cases which have given valuable rights to the persons concerned. And these cases decided either by the Supreme Court or by the different High Courts of India have to be taken into account, have to be taken into consideration before framing legislations under articles, 98, 187 and 309. For these two reasons, I made those three submissions to the hon. Minister for Home Affairs. And it is my fervent hope that he would very kindly accede to my requests.

With these words, I support the Resolution.

THE VICE-CHAIRMAN [DR. (SHRIMATI) NAJMA HEPTULLA] : We can have only one more speaker because at about 4.20 p.m. the Minister will reply, and then Mr. Sukul also would like to reply.

SHRI SHRIDHAR WASUDEO DHABE (Maharashtra) : The discussion can go upto 4.30 p.m.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. VENKATASUBBAIAH): Why 4.20? Make it 4.21.

THE VICE-CHAIRMAN [DR. (SHRIMATI) NAJMA HEPTULLA] All right, 4.21 p.m. (*Interruptions*)

We have to adjourn at 5 o'clock today.

SHRI SHRIDHAR WASUDEO DHABE : There is no Half-an-Hour Discussion. We can go beyond 5 o'clock.

THE VICE-CHAIRMAN [DR. (SHRIMATI) NAJMA HEPTULLA] : Deputy Chairman Saheb told me that we have to adjourn at 5 o'clock. Now Shri Kalraj Mishra.

श्री कलराज मिश्र (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदया, श्री सुकुल जी ने जो यहां पर संकल्प उपस्थित किया है उसकी मूल भावना का मैं स्वागत करता हूं और मैं स्वयं यह अनुभव करता हूं कि जिस विषय के बारे में बहुत पहले ही संसद् के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित होना चाहिए था और केवल आकर्षित ही नही होना चाहिए था, अपितु आज जिस प्रकार के प्रस्ताव की अपेक्षा है उस प्रकार के प्रस्ताव को पारित करके उसके अनुसार कानून की व्यवस्था करने की दृष्टि से संसद् का निर्देश प्राप्त करना चाहिए था वह नही हो पाया है।

[श्री कलराज मिश्र]

[उपसभाध्यक्ष (डा० रफीक जकरीया) पीठासीन हुए]

यह प्रस्ताव गैर सरकारी प्रस्ताव के रूप में आज सुकुल जी ने उपस्थित किया है । इसके लिए मैं उनको धन्यवाद देता हूं ।

श्रीमन् संविधान की मूल भावना यह है कि पूरे देश के अन्दर सेवारत कर्मचारियों के लिए चाहे वे केन्द्र में काम करते हों या राज्यों में काम करते हों, उनके लिए एक सामान्य नियमावली होनी चाहिए । उनके लिए सामान्य सेवा शर्तों का निर्माण होना चाहिए । उसके अनुसार उनकी भर्ती उनकी पदोन्नति और उनके वेतन में एक नियमितता का निर्माण होना चाहिए । यह संविधान की भावना थी जिसको कानून का रूप देकर सभी लोगों को एक सामान्य नियमों के अन्दर लाया जाना चाहिए था । उनके मन के अन्दर सुरक्षा की भावना प्रतिष्ठित करने की आवश्यकता होनी चाहिए । लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नही हो पाया । आज यह प्रस्ताव सामने आया है । मैं यह अनुभव करता हूं कि आज देश में कर्मचारियों के अन्दर असंतोष की भावना का निर्माण हो रहा है। इससे उनके अन्दर कभी-कभी सरकार से लड़ने की स्थिति पैदा होती है। इसके पीछे कारण कौन से होते है इसको श्री सुकुल जी ने भी अपने तरीके से रखने की कोशिश की और उन्होंने स्वयं इस बात को स्वीकार किया कि उनके बारे में उनकी सेवा नियमावली के अन्दर या आचार संहिता के अन्दर जो भी समय-समय पर चीजें निर्धारित की गई है उसमे यह बात कही गई है कि जो भी राज्य या केन्द्रीय सरकार का कर्मचारी है वह अपने असन्तोष को व्यक्त करने के लिये व्यक्तिगत तौर पर सरकार की नीतियों जो इस संबंध में बनाई गई हैं उनकी आलोचना भी नहीं कर सकता । अगर उनकी वह आलोचना करता है तो उसके खिलाफ अनुशासन की कार्यवाही हो जायेगी । अपनी बातों को भी व्यक्तिगत तौर पर, अपने असन्तोष को भी ठीक ढंग से उनके सामने प्रस्तुत नहीं कर सकता है और उसका नतीजा हुआ है कि कर्मचारियों के संगठन बने हैं और वह संगठन ट्रेड यूनियन के माध्यम से उनके असन्तोष को प्रकट करता है । श्रीमन् मैं यह कहना चाहूंगा कि संविधान की मूल भावना को ध्यान में रखते हुए विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका इन तीनों के माध्यम से जिस भी तरीके से हो कर्मचारियों के संबंध में समान रूप से कानून बनाने की आवश्यकता है। इसको अविलम्ब बनाया जाय । सरकार यह अभी तक नहीं बना पाई इसके लिये निश्चित रूप से वह दोषी हो जाती है । जिसकी भी सरकार रही होगी । यह मैं नहीं कहता कि यह सरकार है, वह सरकार है, इसका सवाल नहीं है । लेकिन कुछ भी इस दिशा में जिस प्रकार से सोचा जाना चाहिए था उस प्रकार सोचा नही गया, यह हम अनुभव करते हैं । क्योंकि श्रीमन् जहां हम राज्य और केन्द्रीय कर्मचारियों के सम्बन्ध में विचार करते हैं उसमें एक बात और मूल रूप से उभर कर सामने आती है, इस बारे में हमारे कुछ मित्रों ने उस तरफ संकेत करने की कोशिश की है । मैं भी उसको दोहराना चाहूंगा और वह यह है कि राज्य में उसी स्थान पर उसी प्रकार का काम करने वाले कर्मचारियों का कुछ दूसरा वेतन है और केन्द्र के कर्मचारी, जो उसी प्रकार का काम करता है उनका दूसरा वेतन है । भिन्न-भिन्न राज्यो में समान कार्य करने वाले कर्मचारियों के वेतन के अन्दर विषमत हैं,यें उनकी

सुविधायों के अंदर विषमतायें हैं, उनको पदोन्नति के अन्दर विषमतायें हैं । इसी तरह से केन्द्रीय सरकार के कमचारी जो कि वही काम करते है उनका राज्य के कर्मचारियों से वेतन और अन्य सुविधाओं में, जो कि वही काम करते हैं जबर्दस्त विषमतायें हैं । कई राज्यों के कर्मचारी केन्द्रीय कर्मचारियों से कम वेतन पाते हैं और कहीं उनसे अधिक वेतन प्राप्त करते हैं । मैं चाहता हूं कि ये विषमतायें समाप्त हों और समान काम के लिये समान वेतन, समान सुविधायें और समान पदोन्नति इसे मान्यता प्रदान की जाय, कानून के माध्यम से, यह मैं निवेदन करना चाहता हूं ।

साथ ही साथ श्रीमन्, जैसा कि कई सम्मानित सदस्यों ने इस बात की तरफ संकेत किया कि और संसद् के जो कर्मचारी हैं ये रात दिन यहां काम करते हैं । लेकिन उनके बारे में भी आज तक कोई नियमावली नहीं बन पाई और वे बेचारे भी अपनी बात को सामने नहीं रख सकते, नहीं कह सकसे संविधान के लागू होने के 35 वर्ष बाद भी संविधान के अनुच्छेद 98(2) के प्रावधानों को सरकार अभी तक भी लागू नही कर पाई है । इस अनुच्छेद का संबंध संसद् की दोनों सभाओं के कर्मचारियों के संबंध में सेवा की शर्ते तथा नियम बनाने से है । संविधान के अनुच्छेद 98(2) में कहा गया है :

"संसद्, विधि द्वारा, संसद् के प्रत्येक सदन के सांचविक कर्मचारी वृन्द मे भर्ती का, तथा नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों का विनियमन कर सकेगी ।"

अभी तक संसद के दोनों सदनों के सचिवालय के कर्मचारियों की सेवायें राष्ट्रपति द्वारा संविधान के अनुच्छेद 98(3) के अधीन बनाये गये नियमों से नियंत्रित होती है । सरकार को अनुच्छेद 98(2) के अधीन तुरन्त एक विस्तृत विधेयक लाना चाहिये ताकि इन कर्मचारियों की सेवा की शर्तों का समुचित रूप से विनियमित हो सके ।

संसद के कर्मचारियों की अजीब स्थिति है जब कभी भी केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिये किसी वेतन आयोग का गठन किया जाता है तो उसके सामने ये कर्मचारी अपना ज्ञापन नहीं दे सकते हैं । परन्तु बाद में इस आयोग की जिन सिफारिशों को सरकार स्वीकार कर लेती है उन्हें इन कर्मचारियों पर लागू कर दिया जाता है । इस प्रकार इनको अपनी बात कहने का कहीं भी मौका नहीं दिया जाता है । पिछले 33 वर्षों के दौरान केवल एक बार संसद् कर्मचारियों के लिये संसद् की एक वेतन समिति का गठन किया गया था । इस समिति ने अपना प्रतिवेदन 1971 में दिया था परन्तु अफसोस इस बात का है कि हालांकि यह कमेटी लोक सभा के अध्यक्ष तथा राज्य सभा के अध्यक्ष, दोनों सदनों के अध्यक्षों. . . . (**समय की घंटी**) अभी थोड़ा सा है, समाप्त कर रहा हूं, द्वारा गठित की गई थी । परन्तु उस समिति के प्रतिवेदन पर आज तक संसद् में चर्चा नहीं हुई है । इसलिये इस मौके का लाभ उठाकर मैं मांग करता हूं कि उस समिति के प्रतिवेदन पर संसद् में तुरन्त चर्चा करायी जाए । इसके अतिरिक्त मैं यह भी मांग करता हूं कि जब कि सरकार ने अन्य सरकारी कर्मचारियों के लिये चौथे वेतन आयोग के गठन की घोषणा कर दी है इसलिये संसद् के सचिवालय के कर्मचारियों के लिये भी तुरन्त वेतन समिति का गठन किया जाए जो इनके वेतनमानों तथा सेवा की अन्य शर्तों का अध्ययन कर के

[श्री कलराज मिश्र]

अपनी सिफारिशें दें जिस पर संसद् के दोनों सदन चर्चा कर सकें।

उपसभाध्यक्ष (डा० रफीक जकरीया): जरा शार्ट कीजिए। मैं कोशिश कर रहा हूं कि दो मैम्बर्स और जो इस पर बोलने वाले हैं उनको अक्कमोडेट करूं।

श्री कलराज मिश्र : श्रीमन्, सरकारी कर्मचारियों में कई पदों के वेतनमान इस प्रकार हैं कि एक वेतनमान से पदोन्नति पाकर दूसरे वेतनमान में जाने वाले कर्मचारी को कोई विशेष वित्तीय लाभ नहीं होता। उदाहरण के लिये संसद् सचिवालयों में सहायक संपादकों और संपादकों के वेतनमान को लिया जा सकता है। सहायक सपादकों का वेतनमान 650 रुपये से 1200 रुपये तक का है जबकि संपादक का वेतनमान 700 से 1300 तक है। एक सहायक संपादक को संपादक बनने के लिये 10 से 15 साल तक लग जाते हैं। यह कितनी बड़ी विडम्बना है कि इतनी अवधि के बाद भी उन्हें वित्तीय लाभ कोई नहीं होता। इसलिये इस विषमता को तुरन्त समाप्त किया जाना चाहिए और सहायक संपादकों और संपादकों के वेतनमानों में संशोधन किया जाना चाहिये। क्योंकि इनके वेतनमान इसी प्रकार का काम करने वाले अन्य मंत्रालयों के कर्मचारियों से काफी कम है। जबकि यहां के कर्मचारियों को उनसे कहीं ज्यादा काम करना पड़ता है। इनके काम की सराहना तो सदन में कई बार हो चुकी है। अनुवाद कार्य को ही लीजिये, गृह मंत्रालय तथा हिन्दी निदेशालय में एक अनुवादक को करीब तीन पृष्ठ जबकि संसदीय सचिवालयों में प्रतिदिन आठ पृष्ठों का अनुवाद करना पड़ता है। काम का कोटा इतना अधिक होने के कारण सुयोग्य अनुवादक संसदीय सचिवालयों में आना पसन्द नहीं करते। एक वर्ष में तीन-तीन बार परीक्षा लिये जाने के बावजूद प रिक्त स्थान नहीं भरे जा सके जिसके परिणामस्वरूप हिन्दी में वाद-विवाद की रिपोर्ट छप कर हम तक पहुंचने में एक वर्ष से भी अधिक समय लग जाता है।

श्रीमन्, साथ ही मैं और यह भी कहना चाहूंगा जैसे कि रिपोर्टर्ज हैं, इन लोगों की भी वही स्थिति है। यह संसदीय रिपोर्ट को तैयार करते हैं लेकिन उनकी पदोन्नति का कहीं अवसर ही नहीं है। जिस पद पर वे नियुक्त होते हैं अन्त में उसी पद पर वे अवकाश ग्रहण कर लेते हैं। मेरा यह कहना है कि यहां के कर्मचारियों की रिटायरमेंट एजे भी एक सी नहीं है। यहां कुछ तो 60 वर्ष में रिटायर होंगे लेकिन बीच वाले जो हैं उनको 58 वर्ष में हीं रिटायर कर दिया जायेगा। मेरा यह कहना है कि संसद के जो कर्मचारी हैं उनके लिये भी एक निश्चित रूप से एक-समान नियमावली बनानी चाहिए। उनकी जो समिति बनी थी उसके प्रतिवेदन को रखना चाहिए और लेजिस्लेशन उस प्रकार का पास कर के इनको भी उसी प्रकार की सुविधायें प्रदान करनी चाहिये। मैं इस प्रस्ताव के माध्यम से जो श्री सुकुल जी ने रखा है, आग्रह करूंगा कि इस बात को स्वीकार किया जाना चाहिये और इतना कह कर सुकुल जी ने जो प्रस्ताव रखा है उसकी भावना का समर्थन करता हूं और सुकुल जी को मैं पुनः धन्यवाद देना चाहूंगा जो यह महत्वपूर्ण संकल्प लाये हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि जैसे हमारे पूर्व वक्ता महोदय ने यह बात रखी, मैं भी आग्रह करूंगा ला कमीशन को कानून बनाने की दृष्टि से संविधान की धाराओं को परिभाषित करने की दृष्टि से इस कार्य को सौपना चाहिये ताकि जल्दी मे जल्दी विधेयक इस सम्बन्ध

में लाया जा सके, कानून बनाया जा सके, सारी विषमताओं को दूर करने की दृष्टि से व्यवस्था की जा सके।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. RAFIQ ZAKARIA) : Really speaking, I have to call upon the Minister to reply. But there are two Members who have already given their names, Mr. Dhabe and Mr. Satyanarayan Reddy. Now, I do not mind calling upon both of you, provided you confine yourself to five minutes each. You must cooperate with me.

SHRI SHRIDHAR WASUDEO DHABE : I will take only five minutes.

The question which has been raised is very important. I support the Resolution, but I am doubtful whether the Parliament has got the powers under article 187 to regulate service conditions of the employees of the Parliament or even of the State Legislatures. I would like to know from the Minister one thing. There is an announcement that administrative tribunal will be constituted under article 322(a). I want to suggest that if under article 322(a) the administrative tribunal is constituted then the appeal may lie to Supreme Court and not to the High Court. Otherwise, every matter, every grievance, will to go the High Court and then to the Supreme Court which will take a long time. So, article 322(a) should be implemented in letter and spirit and this suggestion should be accepted.

So far as the government servant is concerned, the most important thing for him is job security, wage security, grievance settlement machinery and promotion. Fortunately, for the first time we are discussing Parliament staff. As the hon. Members pointed out, there is no promotion channel. Even after the people have served for a long time, they are not getting due promotion. Therefore, a rational promotional policy is very essential for giving incentive to the government servants. For the purpose of job satisfaction, for the purpose of their efficiency, it is necessary that 4 promotions are given to them. The Pay Commission has laid down that if any Government servant's interest in the job is to be kept up, at least 4 promotions in his service period should be given to him.

I fail to understand one more thing as to why the system of casual labour, temporary labour and contract workers should not be abolished. In many government offices, including railway undertakings, we find there is a tendency to appoint more and more workers on daily wages. Contract work is the new system which they have started. This system should be abolished. It is necessary that all government servants are given job security and the system of having temporary and contract labour should be abolished.

Lastly I want to say that 80 per cent of the people are given bonus. Today the practice all over the country or even all over the world—whether they are the socialist countries or the democratic countries—has been that for 12 months' work 13 months' wages are paid. Therefore, the Payment of Bonus Act should be amended so that statutorily it is paid to all the employees. There is no reason why it should not be paid to the Parliament staff. I fail to understand why the Parliament staff and other staff is not getting the bonus. I suggest to the Minister that this should be done.

My last point is, if there is a legislation on the service conditions of the government employees and others giving them job security, proper promotion channel, wage security, grievance settlement machinery which is essential for the successful functioning of government in a democratic country, it will go a long way in efficient functioning of the Government. So sir, if you want succesful functioning of the Parliament there should be specific legislation on the service conditions of the government employees and others.

श्री बी० सत्यानारायण रेड्डी (आंध्र प्रदेश) : मैं आपका बहुत ही शुक्रगुजार हूं। कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया है सबसे पहले मैं यह कहूंगा कि मुकुल साहब ने जो प्रस्ताव रखा है उसके पीछे जो भावना है उसका समर्थन करते हुये मैं केन्द्रीय सरकार से जानना चाहता हू कि इतने साल हो गए हिन्दुस्तान को आजाद हुए और कांस्टीट्यूशन को अमल में आये, इस लम्बे अरसे तक इस विषमता को दूर करने के लिये सरकार ने क्यों नहीं कुछ सोचा। आज हम देश के अन्दर देखते हैं कि हर जगह यह विषमता है। केन्द्र में ही नहीं बल्कि हर राज्य में भी है। हम देखते हैं कि हजारों लाखों की तादाद में आज हर कारखाने में हर जगह में लोगों को यह परेशानी है कि देश में सब को एक जैसा न्याय नहीं मिलता। जैसे कि आज बम्बई की मिलों मे हजारों लाखों की तादाद में मिल मजदूर हड़ताल पर हैं।

इसी तरह से अध्यापक है, उनकी हड़ताल होती है उनके बारे में भी कोई कुछ नहीं कहता है। मैं कहना चाहता हूं कि सरकार को इस तरह का कोई कानून बनाने से पहले इस चीज को ध्यान में रखना चाहिए कि केन्द्र में और राज्य में जितने कर्मचारी हैं उनके साथ एक सा वर्ताव हो, उनको समान सुविधाएं हों। मेरे ट्रेजरी बैंच के एक साथी ने कहा कि आंध्र प्रदेश की सरकार ने यह तय किया है कि 58 साल से 53 साल की कर्मचारियों की एज लिमिट कर दी है। मैं कहना चाहता हूं कि इसके पीछे लोगों का समर्थन था जो सरकार ने उचित समझा तथा यह काम किया। आज आप जानते ही हैं कि लाखों करोड़ों की तादाद मे लोग बेरोजगार पड़े हुए हैं। राज्य की जो पिछली सरकार थी वह इन सबको छोड गयी। लोगों को रोजगार का मौका नहीं था, कुछ काम नहीं था। तो उन सभी लोगों को रोजगार पहुंचाना था, काम देना था। चन्ना रेड्डी की सरकार ने 55 वर्ष से जो 58 वर्ष तक एज लिमिट बढ़ाया था और अब उसको घटा दिया है, कोई नई चीज नहीं की है... (**व्यवधान**) जब मैं बोल रहा हूं तो उनको बोलना नहीं चाहिये। तो यह कोई आरबिटरेरी डिसीजन नहीं है। इसको तो जनता का समर्थन है। यह जनता के समर्थन से ही हुआ है। यदि आरबिटरेरी डिसीजन होता, तो आंध्र प्रदेश में हल्ला मच जाता। ऐसा कुछ नहीं हुआ है। कुछ नाराज लोग डिमांस्ट्रेशन करते हैं। आप देखेंगे कि बंबई में लाखों की तादाद में डिमांस्ट्रेशन हुआ, यहां दिल्ली मे भी अध्यापकों ने लाखों की तादाद में डिमांसट्रेशन किया। वहां तो कुछ हजारों की तादाद में लोगों ने डिमांसट्रेशन किया। तो जो आम लोग हैं उनका समर्थन राज्य सरकार के साथ है। (समय की घंटी) मेरे कहने का मतलब यह है कि आंध्र प्रदेश ने कोई आरबिटरेरी डिसीजन नही किया है। जो हजारों की तादाद में बेरोजगार नौजवान हैं, उनको रेक्रूट करना है। कई इंजीनियर्स हैं, डाक्टर्स हैं, साइंटिस्ट्स है, सब लोगों को जो नौजवान हैं, जो अभी कालेज से निकले हैं, उनको रोजगार देना है, उनको नौकरी में पहुंचाना है। इसीलिये उन्होंने यह इंतजाम किया है और अच्छा काम किया है, उसको लोगों का समर्थन है।

इसके साथ-साथ मैं आपके जरिये सरकार का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूं कि वह खेत मजदूर, जो लाखों की तादाद में गांवों में काम करते है, मिलो में जो काम करते है, कारखानों मे जो काम करने वाले हैं, इन लोगों की क्या हालत है ? इन तमाम चीजों को मद्देनजर रखते हुये सरकार को चाहिए

कि एक ऐसा कानून बनाये ताकि सब कर्मचारियों को उनकी मेहनत के लिहाज से मुआवजा मिले। मैं सरकार से चाहता हूं कि जैसे मित्रा साहब ने कहा कि एक वेज कमीशन बिठाना चाहिए ताकि इस विषमता को दूर किया जा सके और सारे देश को खुशहाल और ताकतवर बनाने के लिये एक ऐसे कानून की सख्त जरूरत है।

इसके बारे में सरकार कुछ निश्चय करे।

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : Mr. Vice-Chairman, Sir, the hon. Member, Shri Sukul, who has moved this Resolution, has received more or less unanimous support from all sections of the House. So I have been put in a very difficult situation and I have to explain the various points that have been made out by the mover as well as by the various Members.

While moving the Resolution, Shri Sukul, who knows the problems of the employees very well, he having been an employee himself, and who has championed their cause for a number of years and suffered also championing their cause, has quoted some provisions of Art. 309 in support of his Resolution. Article 309 of the Constitution provides two alternative modes for prescribing the method of recruitment and conditions of service of Government servants namely--legislation and Presidential regulations. Similar privisions are contained in some other articles of the Constitutions also. The legal position is, when the Constitution provides for two alternative modes for a certain thing, it is not mandatory that one must be preferred to the other, or one is transitory or intermediate in nature and should be resorted to only for a limited period. The regulation-making powers of the President of India under the provision to Art. 309 cannot thus be said to be transitory or short-term and it is not obligatroy on the part of the Government to sponsor legislation for regulating the conditions of service.

Another point which the hon. Member has made out is that more than 30 years or so have passed since we framed our Constitution and dealt with, under various articles the service conditions to be regulated by the Government. So far as Government employees are concerned, this has been taken note of by the Government I may recall for the information of the Members of this House that this matter has come up several times before the House. And also, several committees have gone into this matter and ultimately they have come to the conclusion that the present system, that is, the present method of regulating the services of Government employees stands the test of time. First, the question of bringing forward a legislation before Parliament for regulating the conditions of service of Central Government employees as provided in article 309 of the Constitution was also a subject-matter of discussion in the Estimates Committee of Parliament and in the Committee of Petitions. It is true that no law as yet has been enacted to regulate the recruitment and conditions of service of Central Government employees as contemplated in article 309. At present, recruitment to the various Central services and posts is regulated by separate recruitment rules framed by the President in exercise of the powers conferred on him by the provisions of article 309. The conditions of service of Central Government employees are regulated by various sets of rules like the Fundamental and Supplementary Rules and Civil Service Regulations which were made under section 968 of the Government of India Act, 1919 and which continues in existence by virtue of article 319, and the Central Civil Service Leave Rules, Central Civil Service Pension Rules, Central Civil Service Conduct Rules, the Central Civil Service (Classification, Control and Appeal)

[Shri P. Venkata Subbaiah]

Rules, etc., all of which derive their aurhority from the proviso of article 309. The question whether Acts of Parliament should be framed under article 309 to regulate the recruitment and conditions of service of Central Government employees was considered in 1950 soon after the Constitution came into force. It was found that the Government of India Act, 1935 also contained similar provisions in section 241 (5) thereof for the passing of Civil Services Acts by the Legislature to regulate the conditions of service of persons serving His Majesty in a civil capacity in India, but this provision could not be made use of till the present Constitution was adopted in 1950. After a protracted discussion it was decided in 1954 to continue to regulate service conditions by a regime of rules as it was found to be more convenient in practice. The Members of he House are also aware that the Administrative Reforms Commission went into the entire gamut of Government machinery and made important recommendations. The estimate Committee as well as the Committee on Petitions made certain recommendations. This was also considered by the Administrative Reforms Commission. The Commission recommended that the rules relating- to recruitment and other conditions of service of Government employees serving the Union may continue to be made by the President in exercise of the powers derived from the Constitution, and Government accepted this recommendation. The Government has had opportunities of examining the recommendations of the Estimates Committee and the Committe of petitions, as I have said earlier , in great detail and came to the following conclusions in the light of the recommendations made by these two Committees :

> "There are some Ministries and Departments which administer many cadres with different conditions of service, procedure of recruitment and promotion, etc. For example, the Ministry of Railways, Ministry of Communications, Ministry of Defence, etc., have a very large number of employees holding great variety of posts and the lower formations under these Ministries extend to every nook and corner of the country. These Ministries, to take only a few, operate a large number of recruitment rules and rules relating to services under their control, laying down the principles of seniority, confirmation, promotion,, etc., applicable to the various cadres of these services. It would be an almost impossible or, at least, impracticable task, to codify all these different rules into comprehensive legislation covering all the Central Government employees serving in different cadres of various services. In fact, the administrative machinery of the Government of India has grown so much in volume and complexity and the variety of the personnel serving the Government is also so very large that any effort to cover all of them by a single piece of legislation is fraught with numerous difficulties, making it a time-consuming and expensive exercise the result of which may not be commensurate with the time and money involved."

During these years, when the President has been framing rules in exercise of powers conferred by proviso to article 309, there has hardly been any occasion where a complaint has been made regarding the Government tinkering with the rules to the detriment of the Government employees. The framing of rules for the Government employees is a complicated process by itself requiring consultation with various Ministries and Departments, including the Ministry of Law, the Ministry of Finance, the Comptroller & Auditor General, UPSC, etc. Where the rules have the impact on a large number of Government employees, the matter is also discussed with the staff side of the National Council set up under